वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 13.09.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, आज, न्यायाधीश,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

अमर उजाला–दि0 13.09.2024

छह बीघे की अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त

वाराणसी। वीडीए ने बृहस्पतिवार को शिवपुर वार्ड के भटौली में तीन बीघे में विकसित की जा रही अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई। इसी प्रकार मुगलसराय के अलीनगर में अज्ञात की ओर से तीन बीघे में विकसित की जा रही अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त करवाई। ब्यूरो

बचे फ्लैट की कराएं नीलामी और मरम्मत

वाराणसी। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बृहस्पतिवार को रिक्त संपत्तियों के बेचने की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पांडेयपुर आवासीय योजना प्रथम, द्वितीय, तृतीय चरण और बड़ी गैबी आवास की खामियों को दूर कराएं। इसके लिए निर्माण अनुभाग को हिदायत दी गई। बचे 83 फ्लैट को नीलामी कराएं। 58 फ्लैट को मरम्मत कार्य कराएं। ब्यूरो

आज–दि0 13.09.2024

छह बीघा प्लाटिंग पर चली जेसीबी

विप्रा उपाध्यक्ष के निर्देश पर गुरूवार को शिवपुर और मुगलसराय में अवैध प्लाटिंग पर काररवाई की गयी। शिवपुर में तीन बीघा जमीन पर प्लाटिंग की जा रही थी, शिकायत के आधार पर अवर अभियंता मौके का मुआयना किया जिसके बाद जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश, अवर अभियंता अतुल मिश्रा सुपरवाइजर स्थानीय थाने की पुलिस के सहयोग से प्रवर्तन कर्मचारियों ने जेसीबी के मदद से अवैध प्लाटिंग को पुरी तरह से ध्वस्त कर दिया। इसी प्रकार मुगलसराय के जिला चन्दौल में तीन बीघा जमीन पर प्लाटिंग हो रही थी। शिकायत के आधार पर मौके पर पहुंचे जोनल अधिकारी शिव प्रकाश,अवर अभियंता पीएन दुबे, स्थानीय थाने के पुलिस के सहयोग से प्रवर्तन कर्मचारियों ने जेसीबी के मदद से प्लाटिंग पर हुए निर्माण को ध्वस्त कर दिया।

वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

न्यायाधीश– दि0 13.09.2024

वीडीए ने की 03 बीघा क्षेत्रफल पर अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही

वाराणसी।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-1, वार्ड-शिवपुर के प्रवर्तन टीम द्वारा कुल 03 बीघा क्षेत्रफल पर अवैध प्लॉटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी।इसके तहत वार्ड-शिवपुर, के अंतर्गत भटौली के अन्तर्गत अज्ञात द्वारा लगभग 03 बीघा अवैध प्लॉटिंग विकसित की जा रही थी ।उपरोक्त स्थल पर किये गये अवैध प्लॉटिंग को आज दिनांक 12/09/2024 को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त किया गया ।इस दौरान जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश, अवर अभियंता अतुल मिश्रा उपस्थित रहे।उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

न्यायाधीश– दि0 13.09.2024

प्राधिकरण की रिक्त सम्पत्तियों को विक्रय किए जाने के सम्बधं में बैठक आयोजित

वाराणसी।उपाध्यक्ष वाविप्रा की अध्यक्षता में प्राधिकरण की रिक्त सम्पत्तियों को विक्रय किए जाने के सम्बधं में 12 सितम्बर को सायं 05.30 उपाध्यक्ष कार्यालय सभागार कक्ष में बैठक आहूत की गयी । पाण्डेयपुर आवासीय योजना प्रथम, द्वितिय, तृतीय चरण के एवं बडी गौबी आवासीय योजना में आ रही समस्याओं के सम्बधं में वार्ता किया गया। वार्ता के दौरान आ रही खामिया को जल्द जल्द निस्तारण करने हेतु निर्माण अनुभाग को निर्देशित किया गया तथा 83 बचे फ्लैट को निलामी के माध्यम से आवंटित करने हेतु सम्पत्ति अनुभाग को निर्देशित किया व 58 फ्लैट को मरम्मत कार्य हेतु निर्माण अनुभाग को निर्देशित किया।बैठक के दौरान वी0डी0ए0 सचिव वेद प्रकाश मिश्रा अपर सचिव गुणाकेश शर्मा, सयुक्त सचिव परमानन्द यादव, अधिक्षण अभियन्ता आनंद मिश्रा, सहायक सम्पत्ति अधिकारी राजीव जायसवाल इत्यादिलोग उपस्थित रहे।